# कार्यालय प्रभारी गैराज, नगर निगम,सहारनपुर।

पत्रांकः 01 /निविदा/गै०स्टो०/न०नि०सहा०/2022-23 दिनांकः 25/06/2022

**अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर**

नगर निगम सहारनपुर में माननीय महापौर के सेवार्थ, नगर आयुक्त महोदय के सेवार्थ एवं नगर निगम में कार्यरत्त वरिष्ठ अधिकारीयों के लिये विभागीय कार्य हेतु किराये पर वाहनों की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतू दरें निर्धारित करने के लिये दिनांक 04.07.2022 को अपराह 02:00 बजे तक वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदाएं ठेकेदार/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदाएं अभिलेख एंव शर्ते वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 27.06.2022 से दिनांक 04.07.2022 को अपराह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा ठेकेदार/फर्म दिनांक 04.07.2022 को अपराह 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, ठेकेदार/फम को निविदा के साथ अंकन 01.00 लाख रु0 जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./सी.डी.आर./डी.डी. एंव निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रुप में जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बंधक करा कर शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति सहित स्वंय प्रमाणित कर दिनांक 04.07.2022 को अपराह 03:00 बजे तक प्रभारी गैराज के कार्यालय में रखे टैण्डर बाक्स में डालने होगें जोकि निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 04.07.2022 को सांयकाल 04:00 बजे खोले जायेगें। बिना जमानत राशि एंव सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **E Bid REFERANCE** | **GS-01/ET/2022-23** |
| **PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP** | **27-06-2022 up to 5:00 PM** |
| **LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids** | **04-07-2022 at 2:00 PM** |
| **DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E-Bids** | **04-07-2022 at 4:00 PM** |
| **PLACE OF OPENING OF E-Bids** | **Nagar Nigam Office (Sre.)** |
| **E-Bids SECURITY** | **01 Laks for FDR** |
| **E-Tender Document Processing** | **826/- DD (अप्रतिदेय)** |

सी.एस.आई. गैराज
नगर निगम,सहारनपुर

प्रभारी गैराज
नगर निगम,सहारनपुर

पत्रांक एंव दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि -

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.com** पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रबन्धक दैनिक ..अमर उजाला......एंव दैनिक ..हिन्दुस्तान........... समाचार पत्र को इस आशय से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 03 प्रतियो सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। अधिक फोन्ट में प्रकाशन किये जाने पर भुगतान नही किया जायेगा। जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. गार्ड फाईल हेतु।

सी.एस.आई. गैराज
नगर निगम,सहारनपुर

प्रभारी गैराज
नगर निगम,सहारनपुर

# सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर

## अल्पकालीन निविदा सूचना गैराज स्टोर

**निविदा की शर्तेः-**

1. यह निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से प्राप्त किया जाना है। जो **etender.up.nic.in** पर अपलोड की जायेगी।
2. निविदा के साथ अपलोड की गई बी.ओ.क्यू. में दर प्रति नग के अनुसार निविदा डाल सकते है।
3. निविदा डालते समय निविदा प्रपत्र का शुल्क 826/- रुपये का ड्राफ्ट (जी.एस.टी. सहित)के रुप में लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बना होना चाहिये एवं धरोहर राशि रुपया 01.00 लाख (रुपया एक लाख) राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा कम्पनी के खाते से लेखाधिकारी, नगर निगम सहारनपुर के पक्ष मे बना होना अनिवार्य है।
4. रजिस्टर्ड ट्रैवल एजेन्सी ही निविदा में भाग ले सकती है।
5. फर्म/निविदादाता को प्रति वाहन की दर बी.ओ.क्यू. में डालनी होगी। प्रत्येक दर जी.एस.टी. रहित डालनी होगी। देय जी. एस.टी. अतिरिक्त रुप से नगर निगम सहारनपुर द्वारा दिया जायगा।
6. न्यूनतम निविदादाता को निविदा आवंटित की जायेगी।
7. निविदा डबल बिड सिस्टम पर आधारित होगी। फर्म की तकनीकि निविदा अर्ह होने के बाद ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
8. नगर निगम में वर्तमान समय में टॉयोटा इनोवा क्रिस्टा एवं महिन्द्रा बुलैरो डीजल चलित गाडियों की आपूर्ति प्राप्त की जानी है। जिनका मॉडल 2018 से पुराना नही होना चाहिये एवं गाडियों के इन्श्योरेंस अपडेट होना चाहिए। गाडीयों की संख्या आवश्यकता अनुसार घट-बढ सकती है। फर्म/निविदादाता को निगम की आवश्यकतानुसार वाहन उपलब्ध कराने होगें।
9. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले दिन उसी समय खोली जायेगी। इस हेतु अलग से कोई सूचना समाचार पत्र मे प्रकाशित नही की जायेगी।
10. गाडियों की दरें ड्राईवर सहित देनी होगी एवं गाडियों का माईलेज लिखित रुप में देना होगा।
11. गाडियों की आपूर्ति नगर निगम में 24X7 के लिये करनी होगी।
12. यदि कोई गाडी ब्रेकडाउन होती है या सर्विस के लिये जाती है, तो निविदादाता को उस समय के लिये उसके समतुल्य दुसरी गाडी उपलब्ध करानी होगी।
13. निविदा सूचना एवं शर्तें निगर निगम की वेबसाइट **saharanpurnagarnigam.com** पर भी उपलब्ध होगी।
14. निविदा डालते समय रुपया 100 के स्टाम्प पर टी-6 एंव ब्लैक लिस्ट न होने के शपथ पत्र पर नोटरी कराकर ट्रैवल्स कम्पनी का पैन न., जी.एस.टी. का रजि. न. की स्वंय प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
15. निविदादाता को निविदा शुल्क, जमानत राशि एवं स्टाम्प पेपर की मूल प्रति को निविदा डालने की अंतिम तिथि को अपराह 03:00 बजे तक गैराज स्टोर में रखे निविदा बॉक्स में डालनी अनिवार्य है। इन प्रपत्रों मूल प्रति के बिना निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
16. शर्त पूरी नही करने वाली निविदा एवं सशर्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा और उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
17. वाहन का इन्श्योरेंस, सर्विस आदि समस्त कार्य, मोबिलऑयल, कुलेण्ट आदि एवं मेन्टीनेन्स का समस्त कार्य का व्यय भी एजेन्सी द्वारा वहन करना होगा।
18. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त का निर्णय अंतिम व दोनो पक्षों को मान्य होगा।
19. किसी भी विवाद की स्थिति मे वाद का निस्तारण सहारनपुर न्यायालय में ही होगा।

सी0एस0आई गैराज　　　　प्रभारी गैराज